By
Rahul Kumar Jha
Dept.of Political Science

# Lecture-1



Topic - Meaning, Nature and Scope of Comparative Politics

Class - B.A. Degree - II (SUB)
Unit-1

Subject - Political Science

Date - 8 Apr. 2021

By Rahul Kumar Jha

## तुलनात्मक राजनीति के अर्थ, प्रकृति और क्षेत्र :-

**अर्थ :-** आधुनिक राजनीतिक वैज्ञानिकों का यह दावा है कि उन्होंने राजनीतिक प्रक्रिया के सिद्धांत व प्रतिरूप निर्माण की ओर प्रथम चरण के रूप में राजनीतिक विश्लेषण की नवीन अवधारणाओं के सुझाव प्रस्तुत किये हैं। इनकी मान्यता है कि 'राज्य की अवधारणा' के विश्लेषण के उपकरण के रूप में, इन राजनीतिक व्यवस्थाओं की तुलना व उपयोगी अध्ययन करने में विशेष सहायक

नहीं, जिनमें आकार, संगठन, संस्थाओं व संस्कृति की आधारभूत भिन्नताएं हों। इसलिए राजनीति विज्ञान में शताब्दियों से प्रचलित राज्य, सरकार, संस्था, शक्तियों व जनमत की अवधारणाओं के स्थान पर नयी अवधारणाओं का प्रचलन व प्रयोग अनिवार्य माना जाने लगा जिससे राजनीतिक क्रिया की गहराइयों व वास्तविकताओं में झांका जा सके और उनके संबंध में तुलनात्मक आधार पर कोई सामान्यीकरण सम्भव हो।

यही कारण है कि आधुनिक राजनीतिशास्त्रियों द्वारा राजनीतिक अध्ययन में राजनीतिक व्यवस्था, भूमिका, राजनीतिक संस्कृति इत्यादि नई अवधारणाओं का प्रयोग किया जाने लगा। इन नयी अवधारणाओं में भी आधारभूत अवधारणा 'राजनीतिक व्यवस्था' को माना जाने लगा क्योंकि अन्य सभी अवधारणा इसी से सम्बद्ध दिखाई दी। इस 'राजनीतिक व्यवस्था'

से संबंधित राजनीतिक प्रक्रिया के विभिन्न स्तरों पर तुलनात्मक अध्ययन के आधार पर, राजनीतिक व्यवहार संबंधी सिद्धांत निर्माण के लक्ष्य से युक्त शास्त्र ही तुलनात्मक राजनीति कहा जाता है।

तुलनात्मक राजनीति, तुलनात्मक सरकार से भिन्न है। तुलनात्मक सरकार के अंतर्गत राज्य से संबंधित सिर्फ औपचारिक संस्थाओं का ही मुख्यतः तुलनात्मक अध्ययन किया जाता है। इसमें राजनीतिक व्यवहार से संबंधित सभी प्रक्रियाओं व अन्य गैर-सरकारी संस्थाओं का अध्ययन सम्मिलित नहीं किया जाता। यद्यपि वर्तमान में राजनीतिक दल व दबाव समूहों की हर राज्य में महत्वपूर्ण भूमिका के कारण इनका अध्ययन भी तुलनात्मक सरकार में सम्मिलित किया जाने लगा। परंतु मुख्य जोर शासन की संस्थाओं के तुलनात्मक विश्लेषण पर रहता है। इस प्रकार तुल… शासन में सम्पूर्ण राजनीतिक व्यवहार का अध्य… किया जाता है।

(CHAPTER CONTI…

CHAPTER CONTINUES....